# D.A.V. PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
## SUMMATIVE ASSESSMENT – I (2016-17)
## CLASS – VI
## SUB: HIGHER HINDI

**Time: 2 .30 hours** **Full Marks: 90**

निर्देश :

i. कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न में मुद्रित पृष्ठ ०६ हैं ।
ii. कृपया जाँच कर ले कि इस प्रश्न – पत्र में १२ प्रश्न हैं ।
iii. कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
iv. इस प्रश्न – पत्र के दो खण्ड हैं – **क** और **ख** ।
v. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
vi. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।

## खंड - क

**1.** हम पृथ्वी से केवल लेते हैं, उसे वापस कुछ नहीं लौटाते । प्रकृति एक पूर्ण चक्र है – एक हाथ से लो, तो दूसरे हाथ से दो । इस वर्तुल को तोड़ना ठीक नहीं है । लेकिन हम यही कर रहे हैं । सिर्फ लिए चले जा रहे हैं । इसीलिए सारे स्त्रोत सूखते जा रहे हैं । धरती विषाक्त होती जा रही है । नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, तालाब मर रहे हैं । हम पृथ्वी से अपना रिश्ता इस तरह से बिगाड़ रहे है कि भविष्य में इस पर रह नहीं पाएँगे । आधुनिक विज्ञान का रवैया जीतनेवाला है । वह सोचता है कि धरती और आकाश से दोस्ती कैसी ? उस पर तो बस फतह हासिल करनी है । हमने कुदरत का एक करिश्मा तोड़ा, किसी नदी का मुहाना मोड़ दिया, किसी पाहाड का कुछ हिस्सा काट लिया, किसी प्रयोगशाला में दो -चार बूँद पानी बना लिया और बस प्रकृति पर विजय हासिल कर ली । पर्यावरण का अर्थ है – संपूर्ण का विचार करना । भारतीय मनीषा हमेशा 'पूर्ण' का विचार करती है । पूर्णता का अहसास ही पर्यावरण है । सीमित दृष्टि पूर्णता का विचार नहीं कर सकती । एक बढई सिर्फ पेड़ के बारे में सोचता है । उसे लकड़ी की जानकारी है, पेड़ की और कोई उपयोगिता मालूम नहीं है । वे किस तरह बादलों को और बारिश को आकर्षित करते हैं । वे किस तरह मिट्टी को बाँधकर रखेते हैं । उसे तो अपनी लकड़ी से मतलब है । वैसी ही सीमित सोच लेकर हम अपने जंगलों को काटते चले गए और अब भुगत रहे हैं । अब ऑक्सीजन की कमी महसूस हो रही है । वृक्ष न होने से पूरा वातावरण ही अस्तव्यस्त होता जा रहा है । मौसम का क्रम बदलने लगा है और फेफ़डों की बीमारियां बढ़ती जा रही हैं ।

**उपरोक्त गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँट कर लिखिए -** (5

A इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है :

(क) पृथ्वी क महत्व (ख) प्राकृतिक स्त्रोत (ग) पर्यावरण और मनुष्य (घ) ऑक्सीजन की कमी

**B प्रकृति को चक्र कहा गया है, क्योंकि :**

(क) यह घूमती रहती है। (ख) हम इससे जो लेते हैं, वही लौटाना पड़ता है।

(ग) मौसम एक क्रम से चलते हैं। (घ) इसका आकार एक वर्तुल जैसा है।

**C आधुनिक विज्ञान और बढ़ई में क्या समानता है ?**

(क) दोनो पेड़ के बारे में सोचते हैं। (ख) दोनों वातावरण का ध्यान रखते है।

(ग) दोनों का दृष्टिकोण सीमित है। (घ) दोनों संपूर्ण का विचार करते हैं।

**D आधुनिक विज्ञान का रवैया कैसा है ?**

(क) प्रयोगशाला में निर्माण करने का। (ख) प्रकृति से तालमेल करने का।

(ग) प्रकृति का करिश्मा तोड़ने का। (घ) प्रकृति को जीतने का।

**E 'पर्यावरण' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द का सही विकल्प छाँटिए :**

(क) परि + आवरण (ख) पर + अवरण (ग) पर्या + आवरण (घ) परी + आ + वरण

**2. <u>अपठित काव्यांश</u>** (5

तीन रंग का झंडा प्यारा, सबसे सुंदर सबसे न्यारा।
रंग गेरुआ त्याग सिखाता, हरा रंग हरियाली लाता।
शांति श्वेत रंग बतलाता, देशभक्त सारे मिल जाओ,
इसे उठाकर कदम बढाओ, बिछड़ों को अब गले लगाओ, इसके आगे दुश्मन हारा।

**A झंडे का हरा रंग किसका प्रतीक है ?**

(क) हरियाली का (ख) अवनति का (ग) स्वार्थ का (घ) त्याग का

**B झंडा का सफेद रंग किस भाव को बताता है ?**

(क) भेद – भाव (ख) शांति (ग) शिक्षा (घ) प्रगति

**C कवि ने देशभक्तों को क्या उठाकर आगे बढ़ने के लिए कहा है ?**

(क) हथौड़ा (ख) बंदूक (ग) तिरंगा झंडा (घ) तलवार

**D उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**

(क) मेरा देश (ख) पंचरंग (ग) देशभक्त (घ) तिरंगा

**E झंडा शब्द का पर्यायवाची शब्द छाँटिए ।**

(क) पताका (ख) निशाना (ग) निशानी (घ) प्रपात

**3. (क) नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए ।** **(1x2=2**

(i) सुनार (ii) नर

**(ख) विलोम शब्द लिखिए ।** **(1x2=2**

(i) एक (ii) सच

**(ग) नीचे दिए गए शब्दों में अनुस्वार एवं अनुनासिक चिह्न लगाइए ।** **(1x3=3**

(i) सपादक (ii) पूछ (iii) गाव

**(घ) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए ।** **(1x3=3**

(i) बच्चा (ii) बूढ़ा (iii) सुंदर

**(ङ) उचित सर्वनाम शब्द द्वारा निचे दिए गए वाक्यों को पूरा कीजिए ।** **(1x3=3**

(i) मधु ने कहा कि ______________ कल शहर जाएगी ।

(ii) मनोज ने देखा कि ______________ मित्र मैदान में खेल रहे थे ।

(ii) रमेश के पिताजी ने ______________ पतंग दिलवाई ।

**(च) नीचे दिए गए विशेषण शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** **(1x3=3**

(i) साहसी (ii) चतुर (ii) सुंदर

**(छ) नीचे दिए गए शब्दों में र के उचित रूप का प्रयोग कीजिए ।** **(1x2=2**

(i) पव (ii) दुरदशन

**(ज) नीचे दिए गए वाक्यों को उचित परसर्ग द्वारा पूरा कीजिए ।** **(1x2=2**

(i) भंदर सीढ़ी ______________ ऊपर चढ़ गया ।

(ii) पेड़______________बहुत सारे तोते बैठे थे ।

**(झ) निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए ।** **(1x3=3**

(i) रात (ii) सूर्य (iii) वर्षा

**(ञ) निम्न शब्दों के वचन बदलिए ।** (1x2=2

(i) आँख (ii) पहाड़ी

**4.** अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पाँच दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए । (5

**अथवा**

अपनी नई कक्षा क वर्णन करते हुए अपने दादा जी को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

आपने पहली बार मंच पर कविता पाठ किया । अपने इस अनुभव के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

**5. निम्न विषयों मे से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए ।** (5

(क) पराधीनता में सुख नहीं

(ख) सन्तुलित पौष्टिक खाओ, तन-मन जगाओ

(ग) मेरे विद्यालय का पुस्तकालय

(घ) हम और हमारे त्योहार

**6. संवाद लेखन ।** (5

कुछ दिनों से बादल छाए हुए हैं, मगर बारिश नहीं हो रही है । इस विषय पर दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए ।

**अथवा**

परीक्षा की तैयारी आपने किस प्रकार की है । इस विषय पर पिता पुत्र के बीच संवाद लिखिए ।

## <u>खंड - ख</u>

**7. काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प में से चुनकर लिखिए ।** (5

मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना,
कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना,
अपना दुख भि एक है साथी, अपना सुख भि एक,
अपनी मंज़िल सच की मज़िल, अपना रस्ता नेक,
साथी हाथ बढ़ाना ।
एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया,
एक से एक मिले तो ज़र्रा, बन जाता है सेहरा,
एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत,
एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत,
साथी हाथ बढ़ाना ।

**A प्रस्तुत पद्यांश के कवि है ?**

(क) समीर (ख) साहिर लुधियानवी (ग) नागार्जुन (घ) हरिवंशराय वच्चन

**B इंसान के अपने लेख की रेखा क्या है ?**

(क) आराम (ख) मेहनत (ग) कोशिश (घ) सहजता

**C एक से एक कतरा मिले तो क्या बन जाता है ?**

(क) दरिया (ख) रास्ता (ग) धरती (घ) आकाश

**D कवि ने सबको मिलकर मेहनत करके ____________ बदलने की बात कही है ।**

(क) घर (ख) रास्ता (ग) किस्मत (घ) आकाश

**E एक से एक ज़र्रा मिले तो क्या बन जाता है ?**

(क) दरिया (ख) सेहरा (ग) पर्वत (घ) इंसान

**8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखिए । (5**

रामनगर एक सुंदर शहर है । वह चारों तरफ़ से पहाड़ियों से घिरा हुआ है । रामनगर में बालक-बालिकाओं के दस विद्यालय हैं । वे आपस में मिल-जुलकर अनेक काम करते हैं । प्रत्येक वर्ष वे मिलकर पुरस्कार वितरण उत्सव मनाते हैं । इस उत्सव में सभी दस विद्यालय भाग लेते हैं । इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय था – सच्चे बच्चे कितने अच्छे । आज उसी प्रतियोगिता का परिणाम सुनाया जाएगा । सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र – छात्राओं को पुरस्कार भी दिए जाएँगे ।
इस बर्ष प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार विद्यालय नंबर २ की छठी कक्षा के छात्र सत्यापाल को देने का फैसला लिया गया । जलसे में हैडमास्टर साहब ने सत्यपाल की सच्चाई की घटना सुनाई ।

A. रामनगर में बालक – बालिकाओं के कितने विद्यालय थे ?
B. पत्येक वर्ष मिलकर रामनगर के विद्यालय कौन –सा उत्सव मनाते थे ?
C. इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय क्या था ?
D. इस वर्ष प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार किसे देने का फैसला लिया गया ?
E. हैडमाष्टर साहब ने किसकी सच्चाई की घटना सुनाई ।

**9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2x3=6**

(क) मेहनती व्यक्तियों का रास्ता और मंज़िल कौन – सी होती है ?
(ख) हिमपात कहाँ और कब होता है ?
(ग) महिपाल सिंह से मिलने के वाद लेखक के मस्तिष्क में कौन – से प्रश्न कौंधने लगे ?
(घ) राजा भेस बदलकर क्यों घुमता था ?
(ङ) चंचल ने सत्यपाल को अखवार बेचने क क्या उपाय बताया ?

**10. निम्न प्रश्नों में से किन्हिं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (3x4=12**

(क) महिपाल सिह ने लेखक को अपने घर आने का निमंत्रण क्यों दिया ?

(ख) ओलों के बनने और गिरने के बारे में दादाजि ने क्या बताया ?

(ग) छह नौजवानों ने राजा को किस प्रकार बचाया ?

(घ) सुंदर लाल ने वृक्षों की कटाई रोकने के लिए कौन-कौन से कार्य किए ?

(ङ) नजानू क्या कहना चाहता था ? क्या उसकी इच्छा पूरी हुई ?

(च) गुलदस्ता को अंततः क्यों स्वीकार करना पड़ा कि नजानू में कविता – लेखन की प्रतिभा है ?

**11. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (मूल्यपरक प्रश्न) (2½x2=5**

(क) पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए आप क्या – क्या कर सकते हैं । पाँच वाक्य लिखिए ।

(ख) आप आपने जीवन में आई मुश्किल परिस्थिति का सामना कैसे करेंगे ?

**2. निम्नलिखित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बहुविकल्पों में से दीजिए । (1x7=7**

(क) सुंदरलाल पेड़ - पौधे को किसके समान मानता था ?

(a) मित्रों (b) माता – पिता (c) भाई - वहन (d) पूर्वजों

(ख) सुंदरलाल अनी बी.ए. की परिक्षा के लिए कहाँ जा रहा था ?

(a) दिल्ली (b) गुजरात (c) नैनीताल (d) सिमला

(ग) बरामदे के आगे का खुला स्थान किससे भर गया ?

(a) धुल (b) पानी (c) कीचड़ (d) ओलें

(घ) तरू रक्षण एवं वृक्षोरोपण संस्थान का गठन किसने किया ?

(a) गाँववालों ने (b) सुंदरलाल (c) सरकार ने (d) शहरवालों ने

(ङ) किस नवयुवक ने अपने लिए सुंदर पत्नी की इच्छा प्रकट की ?

(a) पहले ने (b) चौथे ने (c) तीसरे ने (d) पाँचवे ने

(च) सत्यपाल और चंचल की बात कौन सुन रहा था ?

(a) प्रधानाचार्य (b) उसका एक मित्र (c) एक शिक्षक (d) आम अदमी

(छ) लेखक के पास अखबार आया । उसमे पूरे ______________पृष्ठ थे ।

(a) तीस (b) बतीस (c) बीस (d) पचास

XXX